RAF SECTOR
NEWS CLIP
04/02/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Lohardaga (JKD)

रैफ ने गली-मुहल्लों में किया फ्लैग मार्च

लोहरदगा। रैपिड एक्शन फोर्स, जमशेदपुर, झारखण्ड के जवानों ने तीन फरवरी को लोहरदगा नगर पर्षद क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर भौगोलिक स्थिति से अवगत हुए। राकेश कुमार उप कमांडेंट (समन्वय अधिकारी सी/106 बटालियन) की अध्यक्षता में यह मार्च किया गया। लोहरदगा जिले में 23 जनवरी को लगाये गए कर्फ्यू के बाद लगातार मिल रही ढील से जन जीवन अब पूरी तरह से सामान्य हो रहा है। पुलिस प्रशासन और द्रुत कार्य बल के अथक प्रयास और आम लोगों के सहयोग से आम जनजीवन सहज हो पा रहा है। शांति समितियों की बैठकें और स्थिति की समीक्षा की जा रही है। सोमवार को 12 घंटे की ढील कर्फ्यू में दी गयी थी। इस दौरान लोगो को जरुरी सामान खरीदने से लेकर आम जरुरत के लिए घर से बाहर निकलने की इजाजत दी गयी है। किसी भी स्थान पर एक साथ कई नागरिक इक्कठा न हो पुलिस प्रशासन व द्रुत कार्य बल के जवान भारी संख्या में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल फ्लैग मार्च किया। ड्रोन कैमरे से हालात की निगरानी करने के साथ-साथ सुरक्षित माहौल तैयार किया जा रहा है। फ्लैग मार्च में डीसी आकांशा रंजन,एसपी प्रियदर्शी आलोक डीएसपी मो हुसैन, रैप डिप्टी कमांडेंट राकेश कुमार सहायक कमांडेंट अमरकांत कुमार समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ भारी संख्या में रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने समाज के सभी वर्ग के लोगों से शान्ति वयवस्था कायम रखने में सहयोग की अपील किया।

Prabhat khabar Lohardaga (JKD)

अमन और चैन स्थापित करने के लिए निकाला गया सद्भावना और फ्लैग मार्च

भास्कर न्यूज | लोहरदगा

जिले में लोगों के बीच आपसी सौहार्द स्थापित करने के उद्देश्य से सोमवार को जिला प्रशासन के बैनर तले सद्भावना मार्च निकाला गया। सद्भावना मार्च शहर क्षेत्र के खादगढ़ा से शुरू होकर सरना टोली, न्यू रोड, अखौरी कॉलोनी होते हुए मैना गढ़ा में संपन्न हुआ। सद्भावना मार्च में अपर समाहर्ता अंजनी मिश्र, अनुमंडल पदाधिकारी ज्योति झा तथा नगर कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार की अगुवाई में शहर के आमजन व बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस सद्भावना मार्च में लोगों ने आपसी सौहार्द स्थापित करने, अमन-चैन का परिवेश स्थापित करने, शहर के लोगों को शांति बनाये रखने की अपील की। वहीं दूसरी ओर जिले में घटित घटना के बाद पूरे जिले में पुलिस बल तैनात है तथा सभी पहलुओं पर नजर रखे हुए हैं। शांति व्यवस्था के लिए जिले में 15 कंपनियों के जवान तैनात किए गए हैं।

शांति व्यवस्था के लिए भी 106 बटालियन के रैपिड एक्शन फोर्स, जमशेदपुर, झारखंड के जवानों द्वारा उप कमांडेंट राकेश कुमार की अगुवाई में सदर थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। शांति व्यवस्था के साथ आपसी सौहार्द स्थापित करने को लेकर शहर में प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। फ्लैग मार्च में डीसी आकांक्षा रंजन, एसपी प्रियदर्शी आलोक, पुलिस उपाध्यक्ष बबन, द्वितीय कमान अधिकारी 106 बटालियन के द्रुत कार्य बल के विनोद कुमार, उप कमांडेंट राकेश कुमार, सहायक कमांडेंट अमरकांत कुमार सहित पुलिस अधिकारियों के साथ रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों ने पैदल गश्त किया।

शांति व्यवस्था बहाल करने को लेकर फ्लैग मार्च करते रैफ के अधिकारी व जवान।

सद्भावना मार्च में शामिल एसी, एसडीओ के अलावे जिले के आम नागरिक।

शांति समिति की बैठक में कहा-आपसी सौहार्द बनाए रखेंगे

लोहरदगा. सदर थाना क्षेत्र के मन्हो चौक हिरही में सोमवार को शांति समिति की बैठक की गई। शांति समिति की बैठक में मन्हो, कैमो, केंद टोली, हिरही टोंगरी टोली, बड़का टोली सहित अन्य गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता चौकीदार समसुल अंसारी ने की। बैठक में सभी लोग अपने-अपने विचार रखे और एक स्वर में निर्णय लिया की सभी लोग आपसी मेल मिलाप और सौहार्दपूर्ण वातावरण में रहते रहेंगे। जिले की गंगा जमुना तहजीब को बनाए रखेंगे। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षक भारतेंदु केरकेट्टा, रामदेवरा उरांव, अजीमुल अंसारी, रामदेव उरांव, अंसारी महापंचायत के जिला अध्यक्ष आलमीन अंसारी, ... अंसारी, महेश उरांव, सुरेश उरांव, अजीमुल अंसारी, मसूब अंसारी, बुधराम उरांव, सोमा उरांव, नूर अंसारी, नारायण भगत, राम प्रसाद भगत, कुलदीप खाखा, सुजीत भगत, बुद्धिमान उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।

सदर थाना से शुरू हुआ फ्लैग मार्च : फ्लैग मार्च सदर थाना से शुरू होते हुए कुरैशी मुहल्ला, अमला टोली, मेनका सिनेमा हॉल, सुभाष चौक, बरवा टोली चौक, अजय उद्यान, ईदगाह मुहल्ला, निधि कॉम्प्लेक्स, ब्रह्मांडीहा होते हुए शहर के सभी मुख्य मार्गों, गलियों और बाजारों से गुजरते हुए वापस सदर थाना पहुंची। बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स तथा अन्य बलों के टुकड़ी के द्वारा किए जा रहे लगातार फ्लैग मार्च व गश्त से शहर के सभी इलाकों में पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था कायम हुई है।

भड़काने वाले पोस्ट न डालें, न शेयर करें : इस दौरान कहा गया कि असामाजिक तत्व चेत जाएं नहीं तो प्रशासन किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ेगी। इसके कारण शहर में नागरिकों का जनजीवन सामान्य हुआ है। प्रशासन व द्रुत कार्य बल द्वारा शहर के नागरिकों को यह बताया गया कि वे सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर पर किसी प्रकार सांप्रदायिक, जातीय, धार्मिक, विधि व्यवस्था को भड़काने वाले पोस्ट को शेयर या फॉरवर्ड ना करें।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।